# पाठ-10
# बने जो बच्चों की सरकार


**आइए सीखें :** ● नैतिक गुणों का विकास ● सार्थक वाक्य बनाना ● वर्तनी सुधार ● क्रिया शब्दों के रूप बदलना ● प्रत्यय।



बने जो बच्चों की सरकार,
बने जो बच्चों की सरकार।
हुआ करेगा फिर तो निश्चित,
हर घर में हर दिन त्यौहार।
बने जो बच्चों की सरकार॥

---

**शिक्षण संकेत :** ● शिक्षक बच्चों को सरकार का अर्थ व उसके कार्यों के बारे में बताएँ ● जिले के प्रमुख अधिकारियों के बारे में बताएँ ● सामाजिक एकता और समानता पर बातचीत करें ● शिक्षक सस्वर कविता का वाचन करें ● वाचन में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करें।



राग-द्वेष कुछ नहीं रहेगा,
जाति वंश का भेद न होगा।
नहीं सोएगा भूखा कोई,
आलस का कुछ काम न होगा।
नहीं लड़ेगा कोई किसी से,
एक-दूजे से करेंगे प्यार।
बने जो बच्चों की सरकार॥

बच्चे ही सेना में होंगे,
बच्चे ही होंगे अधिकारी
उद्योग करेंगे बच्चे मिल-जुल
काम करेंगे भारी-भारी।
भले चलें हम शौक से पैदल
होगी सबकी लेकिन कार।
बने जो बच्चों की सरकार॥



घनश्याम मुरारी, 'पुष्प'

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| निश्चित | पक्का | राग | प्रेम, |
| वंश | कुल, परिवार | एक दूजे से | एक दूसरे से |
| अधिकारी | मालिक, शासक, अफसर | रुचि | पसंद |
| शौक | रुचि, प्रबल इच्छा, चाह | द्वेष | बैर |
| उद्योग | यत्न, कोशिश, उत्पादन में रत कारखाना या संस्थान | | |

## अभ्यास

### बोध प्रश्न

**1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) बच्चों की सरकार बनने पर प्रतिदिन क्या होगा ?

(ख) बच्चों की सरकार बनने पर क्या नहीं होगा ?

(ग) बच्चों की सरकार में अधिकारी कौन होंगे ?

(घ) बच्चे मिल-जुल कर क्या करना चाहते हैं ?

(ङ) कार होने का बाद भी बच्चे पैदल क्यों चलना चाहेंगे ?

(च) बच्चों की सरकार के कोई तीन लाभ लिखिए ?

## 2. कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए-

(क) हुआ करेगा फिर तो निश्चित

----------------------------------------

(ख) राग-द्वेष कुछ नहीं रहेगा

----------------------------------------

(ग) एक-दूजे से करेंगे प्यार

----------------------------------------

## 3 आपके अनुसार इन वाक्यों का क्या अर्थ है? लिखिए -

(क) नहीं सोएगा भूखा कोई।

----------------------------------------

(ख) काम करेंगे भारी-भारी।

----------------------------------------

(ग) हर घर में हर दिन त्यौहार।

----------------------------------------



## भाषा अध्ययन

## 1. नीचे लिखे शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बचचा | - | .................... | निशचित | - | .................... |
| तियोहार | - | .................... | उधयोग | - | .................... |
| पेदल | - | .................... | अधिकारी | - | .................... |

## 2. शब्दों का सही क्रम लिखकर वाक्य बनाइए

क. चाहिए मिलजुल हमें कर, रहना।

..........................................................................

ख. व्यक्ति भूखा कोई, रहेगा नहीं।

..........................................................................

ख. होगा सबकी लक्ष्य करना हमारा

..........................................................................

## 3. समान ध्वनि वाले शब्द लिखिए -

| | | |
|---|---|---|
| काम | शाम | राम |
| कार | ------ | ------ |
| भारी | ------ | ------ |
| बच्चा | ------ | ------ |



## योग्यता विस्तार

- अगर आपकी सरकार हो तो आप कौन-कौन से काम करना चाहोगे, उन कामों की सूची बनाइए।
- जहाँ आप रहते है वहाँ की ग्राम पंचायत या नगर पालिका के कार्यो की जानकारी कीजिए।
- अपने साथियों के माध्यम से बाल संसद का आयोजन कीजिए।